एलआईसी एचएफएल प्रचार-प्रसार कर दे रहा अपनी लोन योजना की जानकारी

पटना (आससे)। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड अपने विभिन्न ऋण उत्पादों एवं आकर्षक ब्याज दरों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार के प्रमुख शहरों में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चला रही है।

इस अभियान के तहत दानापुर, पटना, हाजीपुर, सोनपुर सहित विभिन्न प्रमुख शहरों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष रूप से तैयार किए गए रिक्शा वाहनों के माध्यम से कंपनी की योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। इन वाहनों पर आकर्षक प्रचार सामग्री लगाकर प्रमुख बाजारों, व्यस्त सड़कों एवं आवासीय क्षेत्रों में लोगों तक कंपनी की ऋण सुविधाओं की जानकारी पहुंचायी जा रही है।

नया बकान बनाने, खरीदने, मरम्मत कराने एवं विस्तार के लिए होम लो, प्लॉट एवं कंस्ट्रक्शन लोन, जमीन खरीदने एवं उसपर मकान



निर्माण के लिए प्लॉट एवं कंस्ट्रक्शन लोन, टॉपअप लौन, व्यक्तिगत एवं अन्य वित्तीय आवश्यकताओं के लिए अतिरिक्त ऋण सुविधा (टॉप अप लोन), कमर्शियल प्रॉपर्टी लोन, व्यावसायिक भवन, ऑफिस, क्लिनिक एवंदुकान की खरीद, निर्माण एवं विस्तार के लिए कॉमर्शियल प्रॉपर्टी लोन एवं वेयरहाउस निर्माण के लिए वेयर हाउस लोन, होटल, मैरिज हॉल, बैंकिट हॉल, मैरिज लॉन, शोरूम एवं मॉल जैसी व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए होटल एवं हॉस्पिटलिटी लोन, अस्पताल, ओपीडी, डायग्रोस्टिक सेंटर एवं अन्य चिकित्सा संबंधी प्रतिष्ठानों के लिए हॉस्पिटल एवं क्लिनिक एवं किराये पर उठायी गयी व्यावसायिक संपत्तियों के आधार पर ऋण सुविधा के लिए लिज रेंटल डिस्काउंटिंग। इसके अतिरिक्त पेंशन भागियों, व्यवसायियों एवं एनआरआई ग्राहकों के लिए भी विशेष ऋण सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैंक स्टेटमेंट के आधार पर ऋण तथा आईटीआर वाले पात्र व्यावसायियों के लिए भी ऋण विकल्प उपलब्ध हैं।

कोस्मो फर्स्ट पटना में लेकर आये पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स

(आज समाचार सेवा)

पटना। कोस्मो फर्स्ट, अपने कोस्मो फिल्म्स बिज़नेस के माध्यम से, पटना में लेकर आए हैं ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स- जो व्यवसायों, प्रिंटरों और साइनबोर्ड निर्माताओं को पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों का पीवीसी-मुक्त विकल्प प्रदान करती हैं। विज़ुअल अपील और मटीलियल इनोवेशन के संयोजन से डिज़ाइन किया गया यह प्रोडक्ट ऐसे ब्रांडिंग समाधानों की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करता है, जो गुणवत्ता और प्रत्यास्थता के साथ ग्राफिक्स के ज़िम्मेदार विकल्प प्रदान करें।

पॉलीप्रोपाइलीन (बीओपीपी) से निर्मित, कोस्मो ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स 100 फीसदी पीवीसी-रहित, थैलेट-रहित और हैलोजन-रहित हैं। पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों की तुलना में, ये एक अलग मटीरियल कम्पोज़िशन और लाईटवेट कंस्ट्रक्शन से बनाए गए हैं, जिससे हैंडलिंग और इंस्टॉलेशन आसान हो जाता है।

ये फिल्में सॉल्वेंट, इको-सॉल्वेंट, यूवी और एचपी लेटेक्स प्रिंटिंग तकनीकों का सपोर्ट करती हैं, जिससे स्पष्ट ग्राफिक्स और वाइब्रेन्ट रंग मिलते हैं। ये फिल्में ग्लॉस और मैट फिनिश में क्लियर और ग्रे एडहेसिव विकल्पों में उपलब्ध हैं, तथा व्यवसायों की विभिन्न ब्रांडिंग और डिस्प्ले संबंधी ज़रूरतों को पूरा करती हैं। रीसायक्लेबल होने के कारण से सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा देती हैं।

संक्षिप्त समाचार

फंड्स इंडिया प्राइवेट वेल्थ का हुआ शुभारंभ

पटना (आससे)। पटना में वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरूआती हुई हैं। फंड्स इंडिया प्राइवेट वेल्थ की पटना शाखा का शुभारंभ हुई हैं। इसका उद्घाटन सीईओ श्रीनिवास मेनडु ने फीताकाट किया। इस अवार पर बिहार-झारखंड के मार्केट डायरेक्टर राकेश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर सीईओ ने कहा कि पटना में शाखा खोलने का मुख्य उद्देश्य बिहार के निवेशकों तक बेहतर वित्तीय सेवाएं एवं वेल्थ मैनेजमेंट की सुविधाएं पहुंचाना हैं। कंपनी का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर वित्तीय योजना, निवेश के सही विकल्प, टैक्स प्लानिंग और दीर्घकालिन संपत्ति निर्माण के प्रति जागरूक करना हैं।

पेट में फैला संक्रमण तो चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर बचायी जान

पटना (आससे)। गर्भपात के बाद महिला मरीज के पेट में संक्रमण फैलने से उसकी हालत और भी गंभीर हो गयी। मरीज को संक्रमण आंत और पेरिटोनियम तक पहुंच गया था। पेट में जगह-जगह मवाद जमा हो गया था। ऐसे नाजुक हालात में फोर्ड अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.जागृति भारद्वाज, डा.आलोक कुमार, डा.रवि की टीम ने जटिल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचायी। डा.जागृति बताती है कि सर्जरी के दौरान पेट के अंदर कई जगह मवाद के पैकेट मिले। गर्भाशय में करीब दो सेंटीमीटर का छेद पाया गया। संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए गर्भाशय, दोनों अंडाशय और फैलोपियन ट्यूब निकालने पड़ें। ऑपरेशन के बाद महिला मरीज की स्थिति बिल्कुल ठीक हैं।

सुबह उठते ही सिरदर्द होना गंभीर समस्या का हो सकता है संकेत

पटना (आससे)। पर्याप्त नींद के बावजूद सुबह उठते ही सिरदर्द, भारीपन या थकान महसूस होना सामान्य परेशानी नहीं है। पीएमसीएच के न्यूरो सर्जन डॉ. कुमार अभिनव के अनुसार, पानी की कमी, माइग्रेन, खराब नींद और स्लीप एप्निया इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं। तेज खर्राटे, सुबह थकान और दिन में अधिक नींद आना भी स्लीप एप्निया के संकेत हैं। इसके अलावा अनियमित खानपान, चाय-कॉफी के सेवन में बदलाव और शराब से भी सिरदर्द हो सकता है। लगातार परेशानी होने पर चिकित्सकीय सलाह और समय पर जांच जरूरी है। नियमित दिनचर्या और पर्याप्त पानी पीना फायदेमंद है।

सीयूएसबी में राष्ट्रीय युवा संसद 'संवाद 2.0' का आयोजन, 57 प्रतिभागियों ने लिया भाग

पटना (आससे)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस की ओर से राष्ट्रीय युवा संसद 'संवाद 2.0' का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण और विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में असहमति के अधिकार, जनसेवा और राजनीतिक भागीदारी का महत्व बताया। संसद की कार्यवाही में विकसित भारत, बेरोजगारी, आतंकवाद, शिक्षा, महिला आरक्षण और परीक्षा में अनियमितता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रतियोगिता में ज्योति प्रियदर्शिनी प्रथम, आकांक्षा द्वितीय और अनिरुद्ध सिन्हा तृतीय स्थान पर रहे। कुल 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सोनाटा गोल्ड धनतेरस के लिए सोने के सदाबहार आकर्षण को एक नये रूप में पेश किया

पटना (आससे)। सोनाटा लेकर आए हैं अपने सोनाटा गोल्ड कलेक्शन का नया रूप। खासतौर पर धनतेरस के लिए पेश किए गए इस कलेक्शन में शानदार डिज़ाइन और नए रंगों का संयोजन देखने को मिलता है। समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में सोने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, यह कलेक्शन पारंपरिक त्योहारों को आधुनिक डिज़ाइन और रोज़मर्रा की उपयोगिता के साथ एक नया रूप देता है। अपनी बारीक कारीगरी के साथ, नया सोनाटा गोल्ड कलेक्शन आपके त्योहारों के लुक में चार-चांद लगा देगा। यह सोने के महत्व को ऐसी घड़ी के रूप में पेश करता है, जिसे आप त्योहारों के बाद भी पहन सकते हैं और हमेशा संजोकर रख सकते हैं। परंपरा और रोज़मर्रा की ज़रूरत का बेहतरीन संयोजन होने के कारण, यह कलेक्शन आपकी त्योहारों की खरीदारी को खास बना देगा। क्योंकि यह आपके अपने स्टाइल और त्योहार की भावना को एक साथ लाता है। सोनाटा का नया गोल्ड कलेक्शन दो नए रंगों - ब्लू और ग्रीन - में उपलब्ध है, जिसके साथ एक आकर्षक गोल्ड-टोन बेज़ेल दिया गया है।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में कारोबारियों को 84 प्रतिशत तक छूट

पटना (आससे)। अमेजन बिजनेस ने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत कारोबारियों के लिए विशेष त्योहारी छूट पेश की है। इसमें लैपटॉप, टीवी, एसी, कार्यालय फर्नीचर, स्टेशनरी और लाइटिंग उत्पादों पर 84 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। योग्य थोक खरीद पर अतिरिक्त छूट, बैंक ऑफर और 9,999 रुपये तक कैशबैक भी उपलब्ध है। कंपनी के अनुसार, यह ऑफर कारोबारियों को कार्यालय के लिए जरूरी उपकरण खरीदने और खर्च में बचत करने का अवसर देगा।

होंडा ने अक्तूबर में 7.34 लाख वाहनों की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

पटना (आससे)। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अक्टूबर 2026 में कुल 7.34 लाख दोपहिया वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 13 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की घरेलू बिक्री 6.64 लाख यूनिट रही, जबकि निर्यात 69 हजार यूनिट दर्ज किया गया। वहीं, अप्रैल से अक्टूबर 2026 के दौरान कंपनी ने कुल 41.74 लाख यूनिट की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है।

बंधन बैंक का कुल बिजनेस वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी तिमाही में ११ प्रतिशत बढ़ा

पटना (आससे)। बंधन बैंक ने वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी तिमाही के नतीजों का एलान किया है। बैंक का कुल कारोबार सलाना आधार पर ११ प्रतिशत से अधिक बढ़कर ३.३ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। कुल डिपॉजिट में रिटेल की हिस्सेदारी अब लगभग ७३ प्रतिशत है। वित्त वर्ष २०२६-२७ में दिखी यह कारोबारी बढ़त बैंक के बढ़े हुए डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, कामकाज में बेहतर दक्षता और उत्कृष्टता के लिए लगातार कोशिशों की वजह से आयी है। दूसरी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ ६२२ करोड़ रुपये रहा। एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेन गुप्ता ने कहा, 'वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी तिमाही में हमारे परिणाम इस बात को दर्शाते हैं कि हमने स्वस्थ व्यावसायिक वृद्धि बनाए रखने, जमा संग्रह में तेजी लाने, ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार करने, परिसंपत्ति गुणवत्ता को सुरक्षित रखने तथा निरंतर लाभप्रदता बढ़ाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है।'

मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में 'द किरण बेदी स्कॉलरशिप' की घोषणा

पटना (आससे)। मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में आज भारत की पहली महिला आइपीएस अधिकारी डा.किरण वेदी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स, पेरेंट्स, फैकल्टी मेंबर्स औरम हिला पुलिस अधिकारियों के साथ लीडरशिप, एथिकस और महिला सशक्तीकरण जैसे विषयों पर बाचीत की। यूनिवर्सिटी ने टैलेंटेड गर्ल स्टूडेंट्स को हायर एजुकेशन के लिए सपोर्ट देने के उद्देश्य से 'द किरण बेदी स्कॉलरशिप' शुरू करने की घोषणा की। स्कॉलरशिप से योग्य युवा छात्राओं को हायर एजुकेशन के लिए जरूरी संसाधन और सपोर्ट मिलेगा, ताकि वे आगे बढ़कर चुनौतियों का सामना कर सकें और लीडरशिप की भूमिका निभा सकें।

होम क्रेडिट इंडिया का दीवाली कैंपेन अपनों के साथ दीवाली

पटना (निप्र)। माता-पिता के लिए, बच्चे के पास लौटने के लिए हमेशा एक घर होता है। लेकिन क्या होता है जब बच्चा बड़ा हो जाता है, दूसरे शहर चला जाता है और अपना एक घर बनाता है। इस दिवाली अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, होम क्रेडिट इंडिया अपने नए कैंपेन अपनों के साथ दीवाली के जरिए से इस शांत लेकिन गहराई से जुड़ने वाले बदलाव को दर्शा रही है, जो घर वहां, घरवाले जहां की सोच पर आधारित है।यह अभियान फिल्म अब यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक,एक्स और लिंक्डइन पर उपलब्ध है।इस अभियान के केंद्र में बड़े होने, दूर जाने और जुड़े रहने के नए तरीके खोजने की एक जानी-पहचानी कहानी है। मनीष, एक युवा पेशेवर, जो अपने गृहनगर शिमला से मुंबई आ गया है, काम के कारण दिवाली पर घर नहीं जा पाता। वह अपने माता-पिता से कहता है, आप लोग यहां आ जाओ ना। जिन माता-पिता ने सालों यह सुनिश्चित करने में बिताए कि उनका बेटा हमेशा घर जैसा महसूस करे, उनके लिए उसके घर में कदम रखना एक नया अनुभव है। उनके लिए, यह उसका घर था, जो एक ऐसे जीवन से आकार ले रहा था जिसका वे हर दिन हिस्सा नहीं रहे थे।

आईआईएमबी कैंपस में स्थापित होगा एक्सिस बैंक सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स

(आज समाचार सेवा)

पटना। एक्सिस बैंक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बैंगलोर ने एक्सिस बैंक सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया हैं। इस अवसर पर आईआईएम बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन डा.देवी प्रसाद शेट्टी, एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी, प्रो.यू.दिनेश कुमार एवं बैंक के सीएसआर विजय मुलबागल के साथ दोनों संस्थानों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। विजय मुलबागत ने कहा कि भारत के जटिल आर्थिक परिदृश्य को समझने के लिए ज्ञान, कौशल एवं क्षमता के विकास के लिए बहु-विषयक शिक्षा आर शोध बेहद महत्वपूर्ण हैं।

सहयोग अस्पताल के नये विंग की हुई शुरुआत

पटना। वर्ष 1991 में शुरू हुई सहयोग हॉस्पिटल की नए विंग का उद्घाटन किया गया। यह अस्पताल डा.एनके लाल के मार्गदर्शन में शुरूआत की गई थी। अस्पताल शुरू करने का मुख्य उद्देश्य बिहार के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें इलाज के लिए दूसरे राज्यों में न जाना पड़ें। इस अवसर पर अमेरिका के प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक डा.सिन्हा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे। अस्पताल का नया विंग इसी दिशा में एक और कदम हैं। इसका उद्देश्य मरीजों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक तकनीक और अच्छी चिकित्सा



सेवाएं उपलब्ध कराना हैं। सहयोग अस्पताल का संकल्प है कि आधुनिक सुविधाओं के साथ हर मरीज को बेहतर इलाज, संवेदनशील देखभाल और भरोसेमंद सेवा मिलती रहे।

यस बैंक ने नयी पीढ़ी के लिए खास बैंकिंग सुविधा शुरू की

पटना (आससे)। कुछ लोग अपने शौक को ही कारोबार की शुरुआत बना लेते हैं। कुछ के पास ऐसे विचार आते हैं, जो रात दो बजे ही समझ में आते हैं। कुछ लोग अपने करियर के बीच में ही काम करने का तरीका बदल लेते हैं। वहीं, कुछ लोग पांच अलग-अलग चीजें आजमाना चाहते हैं और बाद में उनमें से दो को छोड़ देते हैं। भारत की आज युवा पीढ़ी, यानी जेन-जी के करीब ४०७ मिलियन लोग इसी तरह अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यस बैंक में रिटेल लाइबिलिटीज, फीस और बिजनेस बैंकिंग के कंट्री हेड धीरज सांधी ने कहा, 'डिजिटल और तकनीक आधारित नवाचार के जरिये ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देना हमेशा से यस बैंक की रणनीति का अहम हिस्सा रहा है।

कुइकलो के ब्रांड एंबेसडर बने अभिनेता कांति प्रकाश झा

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार में तेजी से उभरते स्टार्टअप कुइकलो ने अपने साथ अभिनेता कांति प्रकाश झा को जोड़कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की हैं। प्रकाश झा अब कुइकलो के आधिकारिक ब्रांड एंबेडसर होंगे। खासबात है कि वे केवल ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ही नहीं, बल्कि कंपनी में निवेशक के रूप में भी



शामिल हुए हैं। कुइकलो के निदेशक श्याम कुमार गुप्ता ने कहा कि इसकी शुरूआत लोगों की रोजमर्रा की खरीदारी को आसान, तेज और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से की गई हैं। आज के व्यस्त जीवन में लोगों के पास छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बाजार जाने का समय नहीं हैं। ऐसे में कुइकलो तकनीक से माध्यम से ग्राहकों को बेहतर और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा हैं। अभिनेता प्रकाश कुमार झा कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़ना और कंपनी में निवेश करना हमारे लिए बेहद उत्साहजनक हैं। कुइकलो एक क्रिक कॉमर्स ऐप है, जो लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तेज और सुविधाजनक डिलीवरी सेवा प्रदान कर रहा हैं। इस ऐप के माध्यम से ग्राहक ग्रॉसरी, फल-सब्जियों, दूध, पेय पदार्थ एवं घरेलू जरूरतों का सामान घर बैठे ऑर्डर कर सकते हैं। कंपनी का उद्देश्य लगभग दस मिनट में ग्राहकों तक जरूरी सामान पहुंचाना हैं।

डाबर इंडिया ने लॉन्च किया 'द डायलॉग हब'

पटना (आससे)। डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज 'द डायलॉग हब' लॉन्च करने की घोषणा की। यह अगली पीढ़ी का डिजिटल इंटेलिजेंस और उपभोक्ता संवाद प्लेटफार्म है, जिसे उपभोक्ताओं की जरूरतों और पसंद को रियल टाइम में समझने, उनसे जुड़ने और उनकी प्रतिक्रियाओं के अनुयप कदम उठाने के लिए तैयार किया गया है। अपने काम से अर्जित करना पड़ता है। 'द डायलॉग हब' हमारी मार्केटिंग कार्यशैली में एक बुनियादी बदलाव का प्रतीक है। डाबर इंडिया लिमिटेड के ग्लोबल चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर मानस मेहरा ने कहा, 'तेजी से काम करनेवाला इंटेलिजेंस सिस्टम तैयार करने के लिए मजबूत और जरूरत के अनुसार विस्तार करने में सक्षम तकनीकी ढांचे की आवश्यकता होती है।


आदित्य बिड़ला कैपिटल ने समस्तीपुर में शुरू की समर्पित शाखा , गोल्ड लोन कारोबार में किया प्रवेश

पटना (निप्र)। भारत की प्रमुख विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के एनबीएफसी कारोबार ने समस्तीपुर में समर्पित शाखा शुरू करने की घोषणा की। यह शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार है और ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित तथा सुविधाजनक तरीके से संगठित स्वर्ण-आधारित ऋण उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।बिहार संगठित गोल्ड लोन कारोबार के लिए उच्च संभावनाओं वाले बाजार के रूप में उभर रहा है। राज्य की बड़ी आबादी, बढ़ता वित्तीय समावेशन, संगठित गोल्ड लोन प्रदाताओं की अपेक्षाकृत कम पहुंच और औपचारिक सुरक्षित ऋण की बढ़ती मांग संगठित ऋणदाताओं के लिए व्यापक अवसर प्रदान करती है। इसी वजह से कंपनी ने अपने शुरुआती विस्तार के लिए समस्तीपुर का मजबूत कृषि आधार, जिसे स्थानीय व्यापार और छोटे व्यवसायों का समर्थन प्राप्त है, को महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में चुना है। कंपनी की योजना मार्च 2027 तक अधिक संभावनाओं वाले बाजारो में 200 से 300 समर्पित गोल्ड लोन शाखाएं स्थापित करने की है।

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के मेगा हेल्थ कैंप में उमड़ी मरीजों की भीड़

पटना(आससे)। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी, पटना की ओर से राजेंद्र नगर स्थित सोसायटी परिसर में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सेवा एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में लगभग 400 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। सुबह से ही शिविर में मरीजों एवं उनके परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने के साथ-साथ कई प्रकार की नि:शुल्क जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के 16 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार एवं डॉ. शिल्पी अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ. पूनम नंदन एवं डॉ. मुकेश कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा अग्रवाल, ओरल एवं डेंटल विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार संथालिया, आरसीटी विशेषज्ञ डॉ. अमित खेमका, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. किशलय संथालिया, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता वर्द्धन, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार बांका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दिवेश कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार शामिल थे। इसके अतिरिक्त कांटेक्ट लेंस विशेषज्ञ ऑप्टोमेट्रिस्ट प्रवीण कुमार ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच, चश्मे एवं दवाओं से संबंधित सुविधाएं तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए



आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। जरूरतमंद मरीजों को विशेष प्राथमिकता दी गई।

इस अवसर पर मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता जी, सलाहकार मंडल के श्री विजय किशोरपुरिया जी, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल,सहायक सचिव बिनोद अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया.सहित सोसायटी के अन्य सदस्य एवं सहयोगी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि मेगा हेल्थ कैंप में लगभग 400 लोगों की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि समाज में नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की कितनी आवश्यकता है। सोसायटी भविष्य में भी इस प्रकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

माता की चौकी का आयोजन

(आज समाचार सेवा)

पटना। विजयनगर के होप नारायणी अपार्टमेंट में श्रद्धा एवं उठा। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की




भक्तिभाव के साथ माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तिमय भजनों एवं माता रानी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो कामना की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बिहार में पहली बार होगा ग्लोबल एआई, स्किल्स एंड एजुकेशन एक्सपो आयोजित

पटना। बिहार में तकनीक, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार ग्लोबल एआई, स्किल्स एंड एजुकेशन एक्सपो 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय आयोजन 19 से 21 नवंबर तक पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में होगा। इसमें देश-विदेश के शिक्षण संस्थानों, कंपनियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के शामिल होंगी।

आयोजन की जानकारी देने के लिए रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें विप्रो लिमिटेड के एसोसिएट डायरेक्टर ओवैस उर रहमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर एक्सपो के डायरेक्टर सुमन कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कुमार और प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सहित शिक्षा एवं उद्योग जगत से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।

आयोजकों ने बताया कि एक्सपो का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधुनिक शिक्षा, एजुकेशन टेक्नोलॉजी, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों, विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप और कंपनियों को एक मंच पर लाना है। यहां युवाओं को नई तकनीक की



जानकारी, प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन और रोजगार से जुड़े अवसरों के बारे में जानने का मौका मिलेगा। आयोजकों ने कहा कि बिहार के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने की जरूरत है। यह एक्सपो विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराने के साथ कौशल विकास और उद्यमिता को भी बढ़ावा देगा। आयोजकों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

एक्सपो की प्रदर्शित सूची में विप्रो, अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्विगी, ब्लू डार्ट, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, जियो, फोनपे, गोदरेज, सिप्ला, डी-मार्ट, बिगबास्केट, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, डोमिनोज, एलआईसी, ओला और जेप्टो जैसी कंपनियों के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही कई विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी भी प्रस्तावित है।

अदालत जायेगी जन सुराज पार्टी

पटना (आससे)। बिहार के दो निर्दलीय एमएलसी बंशीधर बृजवासी और राहुल राज का भाजपा की सदस्यता लेने पर जन सुराज के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ ने इस मामले को लेकर विधान परिषद के सभापति के समक्ष पिटिशन सौंपने और न्यायालय भी जाने की बात कही।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — सोमवार, 2 नवंबर 2026

मेष- दिन अशुभ, सफलता में व्यवधान, मित्रों से मनमुटाव, प्रतिष्ठा में कमी, व्यर्थ भ्रमण।
वृषभ- धनलाभ का अवसर, कठिनाइयों में कमी, पठन-पाठन में रुचि, गलतफहमियाँ दूर।
मिथुन- सामाजिक कृत्यों में रुचि, विचारित योजना में अनुकूलता, दाम्पत्य जीवन सखद।
कर्क- नौकरी में पदोन्नति, परोपकार की भावना, आत्मिक शांति, उच्चाधिकारियों से संपर्क।
सिंह- आर्थिक हानि, व्यय की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, विरोधी प्रभावी, धनहानि।
कन्या- मनो-विनोद के अवसर, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, आपकी सौहार्द, उपहार का लाभ।
तुला- समय संतोषजनक, स्वजनों से सहयोग, नौकरी में प्रोन्नति, परिवार में हर्षोल्लास।
वृश्चिक- सुसमाचार की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, भोग-विलासिता में रुचि।
धनु- लाभ में कमी, जल्दबाजी अहितकर, यात्रा में परेशानी, उत्साह में कमी, मन व्यथित।
मकर- निराशा का समापन, अनुकूल घटनाएं, मंगल आयोजन, धन निवेश, क्षमता में वृद्धि।
कुम्भ- उन्नति के नवीन आयाम, लाभ भी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, खुशी।
मीन- कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सहयोग, मन प्रसन्न।

आज है जिनका जन्मदिन — 2 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। किसी भी बात को बढ़ा चढ़ाकर कहने में विश्वास करेंगे। स्वभाव मृदु व दयालु होगा। आपके विचार अस्थिर एवं उलझे हुए होंगे। किसी भी कार्य के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेने के बाद ही उसे करेंगे। छोटी-छोटी बातों से ही विचलित हो जायेंगे। किसी भी कार्य को ज्यादा देर तक नहीं कर पायेंगे। शारीरिक कार्यों की अपेक्षा मानसिक कार्यों को अधिक महत्व देंगे। पारिवारिक जीवन कष्टकर होगा। प्रेम-सौन्दर्य ललित कलाओं में अधिक रुचि लेंगे। अतीन्द्रिय ज्ञान की आपमें अदभुत क्षमता होगी। यात्रा आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी। सादगी का जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। धन संचय की ओर भी आपकी प्रवृत्ति रहेगी। अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम होंगे। नियमित रूप से इष्ट देवी-देवता की आराधना करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएं। दैनिक जीवन में सफेद रंग की वस्तुओं का इस्तेमाल अधिकतम करें। सफेद रंग की वस्तुओं का दान भी करें। सदाचार का पालन करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ सों सोमाय नमः
व्रत : सोमवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 2, 11, 20, 29
अंक : 1, 4, 7
मास : नवम्बर, नवम्बर एवं नवम्बर
वर्ष : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : मोती
उपरत्न : मून स्टोन
जड़ी : अनार की जड़
दिशा : नैर्ऋत्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 444इ433 4ल से 20 नवम्बर

यन्त्र

7	2	9
8	6	4
3	10	5

सुडोकू ५००२

			1					
9								3
			6	8				
	2	1						4
		5			9	2		
	8							
						5	8	
3					7			
							1	

तरीका खेलने का - दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। अब नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खाने में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देखें।

2	5	4	9	1	8	7	3	6
9	7	3	5	6	2	4	8	1
6	8	1	3	7	4	2	5	9
8	1	2	6	4	7	3	9	5
7	3	5	8	2	9	1	6	4
4	9	6	1	5	3	8	7	2
1	2	8	7	9	5	6	4	3
3	4	9	2	8	6	5	1	7
5	6	7	4	3	1	9	2	8

हल ५००१ सुडोकू